श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
21.06.2024
ज्येष्ठ शुक्लपक्ष चतुर्दशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 296

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 44 डिग्री से.
न्यूनतम : 32 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज, तैयारी पूरी >> पेज 03 | शेख हसीना आज से भारत यात्रा पर >> पेज 04

## सुविचार

कौन बताता है भला समंदर का रास्ता नदी को, जिन्हें मंज़िल पानी होती है वो सुझाव नहीं लेते।

## न्यूज अपडेट्स

### एयरपोर्ट पर राइफल की गोली बरामद, एक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के एयरपोर्ट थाना पुलिस ने रांची से दिल्ली जा रहे एक यात्री के पास से गुरुवार को चेकिंग के दौरान राइफल की एक गोली बरामद की है। मामले में लोअर बाजार के चर्च निवासी आकाश कुमार साव को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि आकाश एयर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाला था। चेकिंग के दौरान उसके बैग से राइफल का एक गोली बरामद की गई। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### पंचायत सेवक 5000 रु घूस लेते गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के पंचायत सेवक अर्जुन राम को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू की टीम ने गुरुवार को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचायत सेवक सड़क निर्माण कार्य में भुगतान के लिए लाभुक से पांच हजार रुपए रिश्वत ले रहा था। जानकारी के अनुसार मालूमात प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के बुकरू गांव में ईट सोलिंग सड़क का निर्माण पंचायत स्तर पर कराया जा रहा था। काम पूरा होने के बाद लाभुक समिति के द्वारा जब पंचायत सेवक से पैसे भुगतान की मांग की जाने लगी तो पंचायत सेवक ने इसके बदले रिश्वत के रूप में पांच हजार रुपए की मांग की। लाभुक समिति के द्वारा पंचायत सेवक से काफी अनुरोध किया गया परंतु बिना रिश्वत लिए पंचायत सेवा के पैसे भुगतान करने को तैयार ही नहीं था। अंत में लाभुक समिति के द्वारा मामले की शिकायत पलामू निगरानी की टीम से की गई।

**समीक्षा** मुख्यमंत्री ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा की, कहा

# टाइम लाइन का रखें ख्याल

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें, क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।



### किसानों के एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपये तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखता है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद -बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

### जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि यह असफल साबित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को दिया। इस योजना के तहत किसानों के बीच पंप सेट वितरित किया जाना है।

### लैम्प्स- पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स -पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद- और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स -पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

### किसानों तथा समूह से संवाद करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होंगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और कृषक संगठनों से संवाद करें। उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लें। अगर सरकार की किसी योजना में कोई त्रुटि है तो उसे जानने का प्रयास करें, ताकि समय पर उन त्रुटियों को दूर कर किसानों तक उसका लाभ पहुंचाया जा सके।

### तालमेल बनाकर कार्य करें

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में ये योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालय समन्वय बनाकर कम करें। मुख्यमंत्री ने बकरी पालन पर भी विशेष जोर दिया। इसके लिए उन्होंने जिला स्तर पर बकरी फार्म बनाने का निर्देश दिया, जहां इसकी ब्रीडिंग की भी व्यवस्था हो।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन किरण पासी, निदेशक, उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक गव्य शाहनवाज अख्तर, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक, समेति विकास कुमार, जेएसएलपीएस के सीईओ संदीप सिंह और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

## शीघ्र. मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में शीघ्र मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरूआत करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत 25 वर्ष से ऊपर तथा 50 वर्ष से कम उम्र की सभी वर्ग समुदाय की गरीब जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड प्रदेश की महिलाओं के बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ₹मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना₹ का लाभ निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी वर्ग समुदाय के पात्र महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो, इस निमित्त विभाग अपनी पूरी तैयारी युद्धस्तर पर करना सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस महत्वपूर्ण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करना भी अतिआवश्यक है अतएव विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार करने की कार्ययोजना जल्द बनाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना से संबंधित सभी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो यह सुनिश्चित करें। आईटी विभाग का पूरा सहयोग लें। बैठक में मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इस योजना का एक बेहतर पोर्टल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के सफल संचालन के लिए जरूरी है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एक बेहतर तालमेल और समन्वय के साथ योजना के संचालन को मूर्त रूप दें। सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित सभी पेंशनधारियों को ससमय भुगतान सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी प्रकार की पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित पेंशनधारियों को पेंशन राशि का भुगतान निर्धारित समय पर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले एक सप्ताह के भीतर लम्बित बकाया पेंशन राशि का भुगतान लाभुकों के खाते में हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

## आर्मी कैंटीन की तरह झारखंड पुलिस जवानों के भी बनेंगे स्मार्टकार्ड

**रांची।** झारखंड पुलिस के जवानों के लिए खुशखबरी है। झारखंड पुलिस भी अपने जवानों के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने जा रही है। भारतीय सेना की कैंटीन की तरह झारखंड पुलिस के जवानों को भी कैंटीन में कम दामों पर सामान मिलेंगे। राज्य के 40 हजार पुलिसकर्मियों को स्मार्ट कार्ड से फायदा होगा।




अब झारखंड पुलिस के जवान पुलिस कैंटीन में स्मार्ट कार्ड के जरिये भी खरीददारी कर पायेंगे। स्मार्ट कार्ड पर खरीदारी सिर्फ पुलिस वाला और फिर उसका परिवारिक सदस्य ही कर सकता है। नई स्कीम के तहत कार्ड जारी होने के बाद जीएसटी में 50 प्रतिशत तक की भी छूट मिलेगी।

गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में आईजी मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार की कैंटीन का कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। यह कार्ड किसी भी कैंटीन में वैध होगा। कैंटीन से सामान खरीदते समय स्मार्ट कार्ड लेकर आना जरूरी होगा। इसी कार्ड के आधार पर सामान मिलेगा। इसमें सामान खरीदने की सीमाएं और रेट दोनों तय होगी। उनको उतना ही सामान मिलेगा, जितना केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार तय करेगा।

## झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में हाई कोर्ट का आदेश सुरक्षित

**रांची।** झारखंड विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को शनिवार तक लिखित बहस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन में कोर्ट को बताया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कानूनी रूप से रिपोर्ट नहीं मानी जाएगी। रिपोर्ट को सरकार के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था लेकिन इसे सीधे राज्यपाल को दे दिया गया। राज्यपाल ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट सरकार को नहीं दी, जिससे विधानसभा के सदन के पटल पर एक्शन रिपोर्ट के बाद छह माह के भीतर इसे नहीं रखा जा सका। जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में कई त्रुटियां भी थी एवं उस कमीशन की कई अनुशंसा भी अस्पष्ट थी।इन त्रुटियों को देखने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की एक कमीशन बनानी पड़ी। जस्टिस एसजे




मुखोपाध्याय की रिपोर्ट को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उसे विधानसभा के सदन पटल पर रखा जा चुका है। जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट की फाइनल रिपोर्ट है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि झारखंड विधानसभा के वर्तमान स्पीकर विधानसभा कमेटी के सदस्य थे, इस कमेटी ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले की जांच का रिपोर्ट दिया था की कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें केवल जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट ही दी गई थी, रिपोर्ट के साथ कोई दस्तावेज (एनेक्सचर) नहीं दी गई थी। पूर्व में ही सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी थी। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष इस मामले को लंबा खींच रहे हैं।

**भगवान जगन्नाथ 22 जून को करेंगे सहस्त्र धारा स्नान**

# 14 दिनों तक अज्ञातवाश में रहेंगे जगन्नाथ

**रांची।** भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग महास्नान और श्रृंगार कर 15 दिनों के लिए एकांतवास में जायेंगे। ज्येष्ठ पूर्णिमा 22 जून को प्रसिद्ध जगन्नाथपुर मंदिर में नेम-निष्ठा से स्नान यात्रा अनुष्ठान कराया जायेगा। मंदिर के पुजारी कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि दिन के डेढ़ बजे से अनुष्ठान शुरू होगा।



मंदिर के पुरोहित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान को 108 कलश में रखे वनौषधि और सुगंधित जल से स्नान करायेंगे। श्रृंगार-पूजन कर 108 दीपों से आरती उतारी जायेगी। ढाई बजे परंपरानुसार आदिवासी पाहन और श्रद्धालु भी दूध, जल और सुगंधित द्रव्य आदि से प्रभु को स्नान करायेंगे। इसके बाद विग्रहों का स्पर्श दर्शन कर मंगल कामनाएं की जायेगी। फिर विग्रहों को पुजारी गर्भ गृह में ले जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रभु गर्भगृह में छह जुलाई तक रहेंगे। दर्शन सुलभ नहीं होगा। दर्शनार्थी श्रीगणेश, श्रीकृष्ण रूप का दर्शन और पूजन कर सकेंगे। प्रभु की सांकेतिक पूजा होगी। गर्भगृह में विग्रहों का रंग-रोगण किया जायेगा।

### छह को नेत्रदान, रथ यात्रा सात को

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा छह जुलाई को जगन्नाथ स्वामी का एकांतवास समाप्त होगा। मंदिर के गर्भगृह से बाहर आने के बाद भगवान का नेत्रदान किया जायेगा। साथ ही भगवान सर्वदर्शन शुलभ हो जायेंगे। कौस्तुभ ने बताया कि नेत्रदान अनुष्ठान शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। सात जुलाई को रथ यात्रा निकाली जायेगी।

### बीमार होंगे भगवान, चलेगा उपचार

मान्यतानुसार भगवान स्नान करने से बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे में उनका उपचार किया जाता है। पुजारी के द्वारा खास काढ़ा बनाकर पिलाया जाता है। इसमें सोठ, पिंपली, दाल चीनी, गुल मिर्च से बनाया हुआ काढ़ा भगवान श्री जगन्नाथ को पिलाया जाता है। रथ यात्रा मेला नौ दिनों तक गुलजार रहेगा. भक्त भक्ति आनंद के साथ मेले का भी लुफ्त उठायेंगे। तरह-तरह के झूले, नाटक-नवटंकी वालों के साथ खाने-पीने का स्टॉल सब को लुभायेगा।



## नगर निगम शहर की प्यास बुझाने में असफल : आशीष

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पानी यात्रा के नवें दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शांतिपुरी, सुदना पश्चिमी, रेलवे क्रॉसिंग एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। पानी यात्रा के दौरान युवाओं ने जलसंरक्षण व पैधारोपण हेतु नगरवासियों को जागरूक किया। पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि नगर निगम के लगभग घरों के पेयजल स्रोत सूख चुके हैं। नगर निगम द्वारा जो टैंकर से पानी वितरण की व्यवस्था की गई है वह पूरी तरह फेल है। जल वितरण की जिनको भी जिम्मेवारी मिली है वे अपने कार्य में असफल हैं। वही आबादी के हिसाब से टैंकर की संख्या भी बहुत कम है। वे जल्द ही नगर आयुक्त से मुलाकात कर समाधान की मांग करेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मी हमारे शहरवासियों के हिस्से का पानी निगलेगा हम उसके हलक में हाथ डालकर हिसाब-किताब लेंगे। आज की पानी यात्रा में साहेबजी सिंह नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, राजेश रंजन, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय, आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, शेखर सिंह, अमित सिंह, प्रभात सिंह, रौशन पाठक, रिशु दूबे, गोलू दूबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता शामिल थे।

### विरोध : मझिआंव में कई टोलों में पानी की समस्या गंभीर

# पेयजल की घोर किल्लत

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** क्षेत्र में तपती धूप में भी नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा वार्ड नंबर 9 एवं 10 स्थित आमर पश्चिम टोला, अंसारी टोला एवं पाल टोला सहित आसपास के गांव एवं टोले में पानी की समस्या गंभीर हो गई है। आम लोगों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। यह समस्या नगर पंचायत गठन के बावजूद भी अभी तक देखी जा रही है। कई मर्तबा ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधि को आवेदन देकर इसके निराकरण की मांग की गई थी। लेकिन स्थिति यथावत है। इधर युवा समाजसेवी बिदिश्वरी पाल उर्फ अशोक पाल के नेतृत्व में ग्रामीणों की उपस्थिति में आमर पश्चिम टोला एवं अंसारी एवं पाल टोला में बैठक कर पानी एवं होल्डिंग टैक्स सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विचार विमर्श करते हुए नगर पंचायत प्रशासन के विरुद्ध पुरजोर ढंग से आवाज उठाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि पानी की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। जिससे आम जनों को काफी नाराजगी है। कहा कि इस भीषण गर्मी के साथ साथ पानी की गंभीर संकट से जूझना पड़ रहा है। कहा कि इसके लिये सरकार के द्वारा राशि आवंटन के बाद भी पानी की व्यवस्था नहीं कराई जा सकी है। जब से नगर पंचायत बनी है पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द तालाब सुंदरीकरण का डीपीआर निकालकर इसका सच्चाई का पता ग्रामीणों के सामने रखा जायेगा। उन्होंने आम जनों से अपील कर कहा है कि अपना हक एवं अधिकार पाने के लिये लड़ाई लड़ी जायेगी। और जरूरत पड़ी तो सुविधा विहीन ग्रामीणों के सहयोग से नपं कार्यालय में ताला बंद करने पर बाध्य होना पड़ेगा। कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार का कहना है कि सूचना मिलने पर तत्काल टैंकर से पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके लिये सभी वार्ड सदस्यों के साथ विशेष बैठक कर निर्देशित किया जा चुका है। मौके पर पूर्व वार्ड परिषद सदस्य इबरार खां, आजम रसूल खान, हाशिम खान, वकील खां, राशिद खां, जितेंद्र कुमार, नईम अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### न्यूज अपडेट्स

## पलामू जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया अमन साव

**मेदिनीनगर :** पिछले एक वर्ष से पलामू सेंट्रल जेल में बंद कुख्यात डॉन अमन साव को गिरिडीह जेल शिफ्ट कर दिया गया है। यह दूसरा मौका है जब अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह भेजा गया है। दो वर्ष पूर्व अमन साव पर पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक को धमकी देने का आरोप लगा था, जिसके बाद अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से ट्रांसफर किया गया था। पलामू सेंट्रल जेल के जेलर प्रमोद कुमार ने अमन साव को गिरिडीह जेल ट्रांसफर किये जाने की पुष्टि की है। अमन साव पर पलामू में रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी मांगने और सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट को धमकी देने समेत तीन से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। बता दें कि कुछ दिन पूं झारखंड के विभिन्न इलाकों मे एनआईए ने अमन साव से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## नौडीहा बजार पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**नौडीहा बाजार :** नौडीहा बाजार में एचपी पेट्रोल पंप का उद्घाटन नौडीहा बाजार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद ने किया। संचालन तिलक कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सुदामा प्रसाद ने कह कि नौडीहा प्रखंड विकास के मामले में काफी तेजी से बढ़ रहा है। इस छोटे से प्रखंड में पेट्रोल पंप का खुलना खुशी की बात है। पहले ग्राहकों को एक पेट्रोल पंप होने से काफी दिक्कत होती थी। अब नौडीहा बाजार मे दो-दो पेट्रोल पंप होने से ग्राहकों को सुविधा होगी। पेट्रोल पंप के मालिक चिंटू सिंह ने कहा कि नौडीहा बाजार में विकास की गति को तेज करना उनकी पहली प्राथमिकता है। पंप के साथ-साथ क्षेत्र के विकास के लिये और संस्थान खोलेंगे। इस मौके पर राजमणि सिंह, पिंटू सिंह, थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, विजय सिंह, गुड्डू सिंह, आशीष सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## आन्दोलनकारियों की समस्या को एजेंडे में शामिल नहीं करना धोखा है : सतीश



**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य गठन को 24 साल हो गये। लम्बी लड़ाई के बाद जयपाल सिंह, विनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो, राम दयाल मुंडा समेत सैकड़ों आन्दोलनकारी नेतृत्वकारी हमारे बीच नहीं रहे, हजारों बेनामी आन्दोलनकारी योद्धाओं ने अपनी कुर्बानी दी। गुरु जी शिबू सोरेन हो या मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन हो सभी ने आन्दोलनकारी के दर्दनाक मंजर को देखा है मगर सत्ता का सुख मिलने के बाद अपने साथियों के तडप को भूल गये। उक्त बातें झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य हो, उत्तराखंड हो या नॉर्थ इस्ट उन्होंने आन्दोलनकारी की समस्या को गंभीरता से लेकर नीति निर्धारित किया। लोकसभा चुनाव पुर्व झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल से चम्पई सोरेन ने कहा था कि अचार संहिता समाप्त होने के बाद झारखण्ड आन्दोलनकारियों के सवाल पर निर्णय लेंगे मगर झुठ फरेब की सरकार ने कैबिनेट में चर्चा तक नहीं करना लाखो आन्दोलनकारियो व इनके आश्रित को ठगा जा रहा था। उन्होंने जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी चिन्हित आन्दोलनकारी को मान सम्मान स्वाभिमान व 50-50 हजार पेन्शन देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि राजनीतिक दल हमारी मांगों पर गंभीर नहीं होते हैं तो आगामी विधान सभा चुनाव में झारखंड आंदोलनकारियों का कोप भाजन बनने के लिये तैयार रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री जगदंबिका पाल से मिले मजदूर नेता राकेश सिंह

**मेदनीनगर :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ धनबाद डिवीजन अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने आज उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री सह डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल से मुलाकात कर उन्हें प्रचंड बहुमत से जीत के लिये बधाई दी। श्री पाल के नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात के दौरान उन्होंने निरंतर सदन में रेलवे माल गोदाम अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों के हित में एवं कानूनी अधिकार लागू कराने के मामले पर आवाज उठाने के लिये भी बधाई दी। मजदूर नेता श्री सिंह ने कहा कि रेलवे माल गोदाम श्रमिकों की स्थिति एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, बाकी कानूनी अधिकार एवं सुविधाएं जहां लागू नहीं हो पाई है। उन्होंने धनबाद डिवीजन अंतर्गत धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, बरकाकाना, हजारीबाग डाल्टनगंज आदि रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत श्रमिकों जिन्हें सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी विमर्श किया।

## तबादले के बाद पिकेट प्रभारी को किया सम्मानित



**पाटन :** किशुनपुर पिकेट प्रभारी कुमार नीरज सिंह के तबादले के बाद किशुनपुर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लोगों ने उन्हें फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर कर सम्मानित किया। लोगों ने कहा कि इनके कार्यकाल में किशुनपुर क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रहीं। कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर वे तुरंत मौके पर उपस्थित होकर विधि व्यवस्था को संभाल लेते थे। इस मौके पर किशुनपुर पिकेट के पूर्व पिकेट प्रभारी बिनोद राम, पूर्व उप प्रभारी संतोष कुमार, पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, जघासी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, डॉ लालदेव मेहता, लोइंगा पंचायत के मुखिया गुड्डू यादव, प्रमेंद्र राम, करमदेव, बीजेपी नेता गोपाल पासवान, निरंजन पासवान, लखन कश्यप, बबलू उपाध्याय, राजू माली, विकास साव, दीपू सोनी, शुभम क्रांति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फुलघेवईया व सुखनदिया नदी पर अतिक्रमण कर रहे हैं पत्थर माफिया : संदीप पासवान



**मेदिनीनगर :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को ज्ञापन सौंपकर फुलघेवईया नदी और सुखनदिया नदी-नाला पर अतिक्रमण कर रहे पत्थर माइंस माफिया पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पीपरा प्रखण्ड में माइंस से अवैध रूप से निकाला हुआ मिट्टी डस्ट इन दोनों नदियों में भरा जा रहा है। ज्ञापन में श्री पासवान ने कहा है कि पीपरा प्रखण्ड अकाल से प्रभावित हो रहा है और नदी नाला को अतिक्रमण से पानी का संचय नहीं हो पायेगा। सिंचाई की बात तो दूर पानी पीने के लिये भी किल्लत हो जायेगी। श्री पासवान ने बताया कि माइंस माफिया का आतंक इतना बढ़ गया है कि जपला पथरा पीडब्ल्यूडी रोड हजारो भारी वाहनों के चलने से क्षतिग्रस्त हो गया है। पानी का छिड़काव नहीं होने से वहां के लोग परेशान हैं और अब तो उन्हें सांस लेने में भी परेशानी होने लगी है। श्री पासवान ने सांसद को बताया कि एक तरफ सरकार द्वारा पानी संचय के लिये अनेकों योजना चल रही है और वहीं पीपरा प्रखण्ड में प्रकृति के द्वारा दिया हुआ नदी-नाला को बंद किया जा रहा है।

### अतिक्रमण के कारण सड़क पर बनी रहती है जाम की स्थिति

# सरकारी भूमि व अतिक्रमित मुख्य सड़क पर चलेगा बुलडोजर

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** बाजार की सरकारी भूमि व अतिक्रमित मुख्य सड़क पर जल्द सरकारी बुलडोजर चलेगा। इसकी जानकारी देते हुये सीओ राकेश सहाय ने बताया कि अगले सप्ताह से कांडी बाजार की सरकारी भूमि को अतिक्रमन मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने अंचल अमीन धर्मदेव राम को निर्देश देते हुये कहा है कि आप दो दिनों के अंदर कांडी बाजार की सरकारी भूमि व मुख्य सड़क का सीमांकन कर उसे चिन्हित कर मुझे रिपोर्ट करें। ज्ञात हो कि 2021-22 में तत्कालीन डीसी राजेश कुमार पाठक के निर्देश पर कांडी बाजार की कुल सरकारी भूमि 78 डिसमिल में से 41 डिसमिल जमीन को कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त किया गया था। लेकिन बाकी 37 डिसमिल जमीन पर अभी तक कोई कार्रवाई नही किया गया। कुछ दिनों तक तो सरकारी भूमि जरूर खाली रहा लेकिन कुछ महीनों बाद फिर से लोगों का अवैध कब्जा कायम हो गया। सरकारी आंकड़ा को माना जाय तो कभी कांडी बाजार की जमीन का रकबा 4.84 एकड़ था। लेकिन भू माफिया के द्वारा गलत तरीके से अपने कब्जे की जमीन को अवैध तरीके से जमाबन्दी करा लिया गया। सरकार कुछ नहीं कर सकी। वर्तमान में सरकार के कागज पर मात्र 78 डिसमिल जमीन चिन्हित है। उधर मुख्य सड़क भी दोनों तरफ से अतिक्रमित है। जिस कारण प्रतिदिन सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। जिला के प्रायः सभी प्रखण्ड मुख्यालय को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है लेकिन इकलौता कांडी प्रखण्ड है, जहां आज तक कोई भी पदाधिकारी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने का हिम्मत नहीं जुटा सका। अब देखना है कि नवपदस्थापित सीओ क्या कर पाते हैं।

# सिंगरा में पूज्य जीयर स्वामी जी का आगमन आज



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल विंध्य क्षेत्र में अवस्थित है। प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत के लिहाज से विंध्य क्षेत्र समृद्ध है। इन सारी खूबियों के अतिरिक्त विंध्य क्षेत्र को तपस्थली होने का भी श्रेय प्राप्त है। भारत वर्ष के परिव्राजक संत पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज भारत के महान मनीषी संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य हैं। वैष्णव परंपरा के अनुसार संन्यास धर्म का त्रिदंड ग्रहण कर वे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं। वे वर्षा काल में चातुर्मास्य व्रत प्रवास किसी एक स्थान पर चार माह के लिए करते हैं। इसी कड़ी में पूज्य श्री स्वामी जी महाराज चातुर्मास्य व्रत प्रवास हेतु इस वर्ष पलामू में कोयल अमानत के संगम तट पर अवस्थित सिंगरा गांव में शुक्रवार को पधार रहे हैं। आजीवन तृण की कुटी में निवास करने वाले इस संत का जीवन तप एवं साधना पर केंद्रित है। प्रातः नित्य मंगला आरती एवं शाम में प्रवचन के माध्यम से लोगों के बीच नैतिकता एवं सहिष्णुता का संदेश देना स्वामी जी की दिनचर्या में शामिल है। स्वामी जी के कथा संदेश से संपूर्ण मानव समाज लाभान्वित होता है। ऐसे संत के दर्शन मात्र से ही मानव जीवन में नवीन ऊर्जा का संचार होने लगता है। चार माह के चातुर्मास्य व्रत समापन के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन होता है। सही कहा जाता है कि यज्ञ से ही सृष्टि का संचालन होता है क्योंकि शास्त्रों के द्वारा 'यज्ञो वै विष्णुः' कह कर यज्ञ को सृष्टि का संचालन कर्ता बताया गया है। इस वर्ष स्वामी जी का चातुर्मास्य व्रत 23 जून से प्रारंभ होकर दिनांक 11 अक्टूबर तक चलेगा। 12 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन होग। क्षेत्र में स्वामी जी के यज्ञ को लेकर उत्साह का माहौल है।

## न्यूज अपडेट्स

### विधायकों का वेतन-भत्ता बढ़ाने का विरोध

**मेदिनीनगर :** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने झारखंड के मंत्रियों, विधायकों एवं पूर्व विधायकों का वेतन-भत्ता एवं अन्य सुविधाओं को बढ़ाये जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि विधायकों का वेतन बढ़ाया जाना पूरी तरह अनुचित है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से अब तक 5-6 बार माननीयों का वेतन-भत्ता एवं अन्य सुविधाओं को बढ़ाया गया है जो राज्य हित में नहीं है। पूरे झारखंड में पानी-बिजली के लिये हाहाकार मचा हुआ है। लोग गरीबी, भुखमरी व कुपोषण से जूझ रहे हैं। अस्पतालों में दवाई नहीं है। दूसरी तरफ विधायकों का वेतन बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, सर्वजन पेंशन की राशि क्यों नहीं बढ़ाई गई, क्या सिर्फ विधायकों के लिए महंगाई है? मोर्चा अध्यक्ष ने माननीयों को बढ़ाया गया वेतन-भत्ता अविलंब वापस लेने की मांग की।

### स्कूल से चावल समेत कई सामानों की चोरी

**छतरपुर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के मंझौली गांव में बीत रात उत्क्रमित मध्य विद्यालय से अज्ञात चोरों ने चावल समेत कई समानों की चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय के सचिव संतोष कुमार ने छतरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि मोमिंग कुर्सी, माईक सेट, मोबाईल, टैब, पंखा और मध्यान भोजन का राशन और सारा सामान चोर ले गये।

## गढ़वा ▶ पेशका बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने का चला मुहिम

# कई दुकानों के शेड व खपरैल घर को किया गया जमीनदोज

### बुलडोजर और पुलिस बल के साथ पहुंची टीम

बलराम शर्मा



**मेराल :** प्रशासन की ओर से प्रखंड क्षेत्र के पेशका बाजार में गुरुवार को दिन भर अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णुकांत दलबल तथा बुलडोजर के साथ 11:30 बजे पेशका बाजार मे पहुंच कर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया जो शाम 4:30 बजे तक चला। इस दौरान सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाये गये करीब डेढ़ दर्जन दुकानों के शेड और खपरैल घर को बुलडोजर खाली कर दिया गया। बता दें कि पेशका बाजार में सड़क के दोनों ओर किये गये अतिक्रमण से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों की शिकायत पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिये पूर्व में तीन चार बार नोटिस दिया गया था। परंतु लोग सरकारी नोटिस को नजर अंदाज करते रहे, अंतिम नोटिस देने के बाद प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाते हुये बुलडोजर से अतिक्रमण को हटाया गया। सीओ यशवंत नायक एवं थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि गुरुवार की सुबह में भी लोगों को अतिक्रमण हटाओ अभियान की जानकारी दे दी गई थी। ताकि लोग अपने आवश्यक सामान को हटा सकें। अभियान के तहत करीब डेढ़ दर्जन दुकानों के शेड और खपरैल घर को बुलडोजर से हटा दिया गया। स्थानीय मुखिया राम प्रताप साव ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त हो जाने से पेशका बाजार की सड़क पर आवागमन सुगम हो जायेगा तथा बहुत से लोगों को नये तरीके से रोजी रोजगार करने का अवसर भी मिलेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान में एसआई रवि कुमार, एएसआई एनके पांडेय, सीआई, राजस्व कर्मचारी सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## छतरपुर में दिनदहाड़े 89 हजार रुपये की लूट

**छतरपुर :** छतरपुर में मुख्य पथ पर चेकनाका के समीप बाईक पर सवार दो उच्चकों ने एक व्यक्ति से 89 हजार रुपये छीन लिये। बताया जाता है कि भुक्तभोगी रामविलास मिस्त्री नौडीहा बाजार के खैरादोहर के लकढाई के रहने वाला है। उसने बताया कि वह पोस्ट ऑफिस से 49 हजार और स्टेट बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर छतरपुर चेकनाका के समीप बीज भंडार में कुछ सामान लेने गया था। सामान लेकर वहां से जैसे ही निकला वैसे ही घात लगाये एक उच्चे ने पैसा छीनकर बाईक पर सवार हो गया और फरार हो गया। दूसरा उच्चका पहले से बाईक स्टार्ट कर रखा था। भुक्तिभोगी ने उनका पीछा भी किया। सूचना मिलते ही छतरपुर पुलिस ने भी पकड़ने के लिये उनका पीछा किया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसकी जानकारी भुक्तिभोगी रामविलास मिस्त्री ने छतरपुर थाना को लिखित सूचना दी है। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि लूट की सूचना मिली है। पुलिस ने पीछा भी किया, मगर उच्चके भागने में सफल रहे। सीसीटीवी फुटेज से उच्चकों का पता लागाने की कोशिश की जा रही है।

## पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की एनओसी जारी करने की मांग

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी को लेकर चल रहे एसीबी जांच लंबित रहने की और ध्यान आकर्षित कराते हुये एनओसी जारी करने की मांग की है। ताकि सड़कों का निर्माण कराया जा सके। सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू जिले के पाटन, छतरपुर, विश्रामपुर, चैनपुर आदि क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर वर्ष 2014 में विभिन्न थानों में कांड दर्ज किया गया और कालान्तर में इनका अनुसंधान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों को समर्पित कर दिया गया तब से आज तक इन कांडों का अनुसंधान लंबित है। इनमें कांके कला से सुंठा, ब्रहमोरिया से नावाडीह भुरवा व पीडब्ल्यूडी रोड से पाटन पड़वा के संवेदक मे लोटस कंस्ट्रक्शन, बीटी रोड से कवल व टीओचार से डगरा के संवेदक मे छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन, मायापुर से नावाडी, गोदरमा से नवगढ़, रामगढ़ से दिनाबार भाया काचन, बरांव से ओड़नार, बीटी रोड से गम्हरियाडीह, सिक्की कला से सिक्की खुर्द, डिस्ट्रीक बोर्ड रोड से गहर पथरा, नावा से महुलिया, पंकरी से रजहार, मानआहर से मझिगांव व पीडब्ल्यूडी रोड से कररकला पथ निर्माण के संवेदक शामिल हैं। सांसद श्री राम ने मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## निषाद समाज के लोगों ने सांसद को दी बधाई

निषाद समाज के लोगों ने सांसद को दी बधाई

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** निषाद समाज के लोगों ने मेदिनीनगर आवास पर पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुने गये सांसद वीडी राम को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निषाद समाज के सामाजिक संगठन महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सांसद के समक्ष कई सामाजिक समस्याओं को रखा था और उन्होने आश्वस्त किया था कि हम फिर से चुनाव जीत कर आएंगे तो निश्चित तौर पर निषाद समाज के लोगों के विकास के लिये हमेशा तत्पर रहेंगे और यथासंभव हर सुख दुख में शामिल होने का प्रयास करेंगे। निषाद समाज के मुख्य मांगों में से गढ़वा-पलामू के जिला मुख्यालय में निषाद सामुदायिक भवन का निर्माण कराना है, जिससे कई कार्यक्रम करने में सहूलियत होगी और अनाथ बच्चों को रहकर पढ़ने की व्यवस्था होगी, गरीब-मजदूर भी आपातकालीन स्थिति में रुक पाएंगे। शादी विवाह कार्यक्रम के लिये भी निःशुल्क सुविधा मिल पायेगी। वहीं चिरपरिचित मांग तोलरा स्टेशन के पश्चिम मल्लाह टोली गांव के रेल फाटक को रेल अंडर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी। क्योंकि अभी तक ट्रेन से कटकर कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा समाज में छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण करने में हमारा सहयोग रहेगा। इसके लिये समाज के लोगों को भी सक्रिय रहने की जरूरत होगी। डॉ कुलदेव चौधरी ने सांसद से अपनी बात रखी है कि जिस तरह पलामू लोकसभा में साढ़े चार लाख निषाद मतदाता में से ज्यादातर लोगों का आशीर्वाद मिला है, उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में पलामू प्रमंडल के नौ विधानसभा में कम से कम एक सीट दिलाने में सहयोग करें। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी, भिखही पूर्व मुखिया नन्दू चौधरी, अधिवक्ता बचनदेव चौधरी, युवा जिला सचिव सकेन्द्र कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य रटू चौधरी, रामधनी चौधरी, विनोद चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, सुनील चौधरी, संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज, तैयारी पूरी



**गढ़वा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार को प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास के दूसरे दिन भी नगर भवन गढ़वा के परिसर में आम और खास सभी लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। पतंजलि योग विस्तारक सुशील केसरी के निर्देशन में योगाभ्यास संपन्न करवाया गया। अग्रिम पंक्ति में आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी चंचला सिंह, योग शिक्षिका अंजलि शाश्वत, योग शिक्षक सत्यनारायण दुबे तथा उपकार कुमार आदि के द्वारा किया गया। प्रोटोकॉल के अनुसार खड़े होकर बैठकर तथा लेट कर आसनों तथा प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी ने सभी नगर वासियों तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं से सुबह में 5:00 बजे पहुंच कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। पूर्व अभ्यास के पश्चात मुख्य सड़क से प्रभात फेरी भी निकाली गई। पूर्वाभ्यास में नीरज श्रीधर, मुरली मनोहर सिंह, राजेंद्र दुबे, रामदास साहू, प्रदीप केसरी, श्रवण कुमार, गोपाल मिश्रा, इंदु शेखर उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया।

## अयांश बीज भंडार का उद्घाटन



**कांडी :** थाना के समीप गुरुवार को युवा समाजसेवी विकास दुबे ने अयांश बीज भंडार का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि इस बीज भंडार में उत्तम क्वालिटी का सभी प्रकार के बीज उपलब्ध है। उचित मूल्य पर लोग खरीदारी कर लाभ उठाएं। मौके पर दृष्टि यूथ आगेर्नाईजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर, प्रयाग मेहता, ओमप्रकाश, अनूप राम, जेपी सोनी, श्रवण कुमार, अनिल चौधरी, विनोद चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण



**कांडी :** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ राकेश सहाय ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतरिया के 50, उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय कांडी के 19 एससी एसटी ओबीसी तथा मुस्लिम छात्र छात्राओं के बीच सत्र 2023-24 के तहत विद्यालय में अध्यनरत आठवीं पास विद्यार्थियों के बीच साईकिल का वितरण किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा निःशुल्क रूप से दिये जाने वाले साईकिल से विद्यार्थियों को काफी सहुलियत मिलेगी, ससमय विद्यार्थी सुदूरवर्ती क्षेत्र से दूरी सफर कर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी, बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक दुर्गा सिंह, सीआरपी अरुण सोनी, मुखिया विजय राम, मुखिया प्रतिनिधि मनोज राम, रिंकू सिंह, अनूप राम, जेपी सोनी आदि लोग मौजूद थे।



## सोनाक्षी व जहीर की शादी पर बोली स्वरा भास्कर ने

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और एक्टर जहीर इकबाल की शादी जोरदार चर्चा चल रही है। 23 जून को सोनाक्षी और उनके बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की शादी मुंबई में होगी। सोनाक्षी और जहीर की शादी पर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने दिए इंटरव्यू में खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर अंतरधार्मिक जोड़ों को ट्रोल किया जाना कितना आम है। स्वरा ने इस बार बताया कि उन्हें अपनी शादी के दौरान ये अनुभव हुआ था। स्वरा ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, आधुनिक भारत में सबसे बड़ा मिथक लव जिहाद है। इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। ये बात मुझ पर भी लागू होती है। कुछ शहरों में वैलेंटाइन डे पर अंतरधार्मिक जोड़ों की पिटाई की जाती है। मेरी शादी के बाद कई विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी थी। लेकिन, शादी असल में दो लोगों के बीच होती है। स्वरा ने आगे कहा, दो बुद्धिमान लोग अपनी निजी जिंदगी में क्या करते हैं? वे शादी करेंगे या नहीं यह उन पर निर्भर है। साथ रहना, कोर्ट में शादी करना या निकाह? उन दोनों ने आर्य समाज में शादी की, इस बारे में दूसरों को पूछताछ नहीं करनी चाहिए। उसका दूसरों से कोई संबंध नहीं है। यह एक पुरुष और महिला और उनके परिवार के बीच का निजी मामला है। वैसे ही ये पूरी तरह से सोनाक्षी की जिंदगी है। उन्होंने अपना पार्टनर खुद चुना है। तो अब ये शादी वगैरह उनका पारिवारिक मसला है।

## गर्भवती दीपिका की मदद को दौड़े प्रभास व अमिताभ



एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। प्रेग्नेंट दीपिका मुंबई में फिल्म कल्कि 2898 एडी के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुईं। इस इवेंट में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। कार्यक्रम के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें फिल्म के मुख्य अभिनेता प्रभास और मेगास्टार अमिताभ बच्चन मंच से दीपिका को उतारने में मदद के लिए दौड़ते नजर आ रहे हैं। इवेंट में ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में पहुंची दीपिका बेबी बंप के साथ बेहद खूबसूरत लग रही थीं। शो की शुरूआत में जब दीपिका ने एंट्री की तो उन्हें स्टेज पर चढ़ने में बिग बी ने मदद की। बिग बी ने उनका हाथ पकड़कर सहारा दिया और दीपिका स्टेज पर पहुंच गईं। बाद में प्रभास स्टेज पर उन्हें कुर्सी पर बैठाने में मदद करते नजर आए। मंच पर आने के बाद दीपिका ने फिल्म में अपने किरदार का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने निर्देशक नाग अश्विन के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह एक शानदार अनुभव था और इससे बहुत कुछ सीखने को मिला। वह एक अविश्वसनीय अनुभव था। जैसा कि श्री बच्चन कहते हैं, यह एक बिल्कुल नई दुनिया है। फिल्म किस बारे में है यह जानने के लिए हम विभिन्न चरणों से गुजरे, मुझे लगता है कि निर्देशक के दिमाग में जो जादू है वह अब हर किसी के सामने है।

## राष्ट्रपति मुर्मू जन्मदिन पर पहुंचीं भगवान जगन्नाथ मंदिर



# आखिरी कोशिशें कर रहा आतंकवाद : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कश्मीर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी है। इसके चलते ही क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। हाल ही की आतंकी घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रुक सके। हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुईं हैं, उन्हें सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में एम्पॉवरिंग यूथ, ट्रान्सफार्मिंग जे एंड के (युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर में बदलाव लाना) विषयक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



उन्होंने कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) का भी शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ चढ़कर हुए मतदान को जम्हूरियत की जीत बताया और कहा कि अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू-कश्मीर की अवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को राज्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत यहां हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं। कश्मीर घाटी रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ रही है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे बड़े रेलवे ब्रिज की तस्वीरें देखकर तो हर भारतवासी गर्व से भर उठता है। प्रधानमंत्री ने पर्यटन और खेल के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर की आपार संभावनाओं की बात करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के हर जिले में खेल का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। खेलो इंडिया के करीब 100 केंद्र बनाए जा रहे हैं। पिछले साल 2 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर में आए। इससे स्थानीय लोगों के रोजगार में तेजी आती है, रोजगार बढ़ता है, आय बढ़ती है।

### मोदी श्रीनगर पहुंचे, 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए गुरुवार शाम को श्रीनगर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि परियोजना का शुभारंभ भी करेंगे। यह परियोजना जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों के 90 ब्लॉकों में लागू की जाएगी, जिससे 3 लाख घरों को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी आज श्रीनगर में एसकेआईसीसी में ह्ययुवाओं का सशक्तीकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) का भी शुभारंभ करेंगे। 21 जून को सुबह लगभग 6.30 बजे प्रधानमंत्री श्रीनगर के एसकेआईसीसी में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद सीवाईपी योग सत्र में भाग लेंगे।

### मोदी जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में हुए शामिल

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर के दौरे पर पहुंचने के बाद युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि मैं कल श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस के मुख्य समारोह में भाग लूंगा। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जब जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्ज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाले अनुच्छेद-370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं किया है वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौक में शाम तक रौनक रहती है। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने उनकी सरकार को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है।

## Hit लिस्ट

### बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आज आएंगी भारत



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आएंगी। 18वीं लोकसभा के चुने जाने और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शेख हसीना द्विपक्षीय चर्चा करेंगी। इसके अलावा वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ भी मुलाकात करेंगी। शेख हसीना हाल ही में मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में अन्य विश्व नेताओं के साथ शामिल हुईं थीं।

### जहरीली शराब से 35 की मौत, इनमें पांच महिलाएं भी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब ने कहर बरपाया है। अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। फिलहाल 15 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जहरीली शराब त्रासदी की गाज



जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पर गिरी है। तमिलनाडु सरकार ने जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ का तबादला और पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट जारी कर दुख जाहिर किया है।

### आज होगा इस साल का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात में स्ट्राबेरी मून बिखेरेगा चांदनी

# योग दिवस पर कर्क रेखा पर रहेगा शून्य छाया दिवस

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शुक्रवार, 21 जून का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन पृथ्वी के 16 देशों, भारत के आठ राज्यों सहित मध्य प्रदेश के 14 जिलों से होकर उत्तरी गोलार्द्ध में खींची गई काल्पनिक कर्क रेखा पर साल की खास खगोलीय घटना दिखेगी। इस दिन सूर्य कर्क रेखा पर पहुंचा दिखकर अपनी उत्तरायण यात्रा पूरी करेगा। इसके बाद यह अपनी वापसी की दक्षिणायन यात्रा आरंभ करेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य का कर्क रेखा से योग होगा। यह साल 2024 का सबसे लम्बा दिन होगा जबकि रात सबसे छोटी होगी, जिसमें स्ट्राबेरी मून अपनी चांदनी बिखेरेगा। राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के नगरों में दिन सबसे लंबा और रात



सबसे छोटी अवधि की होगी। इस घटना को समर सोलेस्टिस कहते हैं। इस दौरान कर्क रेखा पर स्थित नगरों में सूर्य के लंबवत होने के कारण किसी भी वस्तु की छाया दोपहर में उसके आधार के नीचे बनेगी, जिससे लगेगा कि छाया गायब हो गई। कर्क रेखा के नगरों के लिए शुक्रवार को शून्य छाया दिवस होगा। खगोलीय उत्तरायण के अंतिम पड़ाव पर पहुंचने की इस घटना को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। सारिका ने बताया कि शुक्रवार की रात की शुरूआत भी बेहद खास होगी। इसे स्ट्राबेरी मून नाम दिया गया है, जो कि पश्चिमी देशों में इस समय पकने वाली जंगली स्ट्राबेरी के कारण रखा गया है। लगभग हर 20 साल में स्ट्राबेरी मून और समर सोलिस्टस की घटना एक साथ होती है। इस साल यह संयोग बना है।

### कर्क रेखा पर रहेगा शून्य छाया दिवस

गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम।

## यूजीसी-नेट परीक्षा मामले की सीबीआई करेगी जांच

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने शास्त्री भवन में संवाददाताओं को बताया कि एनटीए द्वारा 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में 9 लाख छात्रों ने भाग लिया था। मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा में गड़बड़ी की संभावना है। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा



को रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। इसकी अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) माध्यम से यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की थी। 19 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से इस परीक्षा को लेकर कुछ जानकारियां मिलीं हैं। इन जानकारियों से प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि उक्त परीक्षा की सत्यता से संभवतः समझौता हुआ है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)